जनपद जालौन, उत्तर प्रदेश
प्रेस नोट सं0-20 , दिनांक 24.07.2022

थाना एट पुलिस एवं एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा थाना एट क्षेत्रान्तर्गत हुयी हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये हत्या से सम्बन्धित अभियुक्त को एक लाइसेन्सी रिवाल्वर एवं लूटे गये माल करीब 01 किलो पीली धातु (कीमत करीब 52 लाख रूपये) व 50,000 रू0/-(लूट के) के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

गिरफ्तारी का स्थान , दिनांक व समय –

पुलिस अधीक्षक जालौन श्री रवि कुमार के कुशल निर्देशन में रोकथाम अपराध, उक्त घटना का शीघ्र ही सफल अनावरण करने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री असीम चौधरी के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी कोंच श्री शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी एट श्री रूपकृष्ण त्रिपाठी के निकट पर्यवेक्षण में थाना एट की पुलिस टीम ,एसओजी एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम को लगाया गया था।

थाना एट पुलिस एवं एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर ग्राम धगुंवा कला जाने वाले रोड पर स्थित रेलवे क्रासिंग के पास से दिनांक 23.07.2022 को समय 19.40 बजे अभियुक्त आशीष सोनी को गिरफ्तार किया गया।

पूछतांछ पर अभियुक्त आशीष सोनी द्वारा बताया गया कि मैने व ठाकुर दास वर्मा व उसके एक साथी (जिसको मैं नही पहचानता) के साथ मिलकर घटना को कारित किया था।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 21.07.2022 को वादी श्री आमिर हुसैल पुत्र नसरूल हुसैन नि0 होरीपौल थाना होरीपौल जनपद हुगली कलकत्ता(पश्चिम बंगाल) ने तहरीर दी कि मेरे मैनेजर समिन मलिक पुत्र आतोयान हक मलिक नि0 दशघरा ग्राम रामकृष्णपुरा जनपद बर्द्धमान (पश्चिम बंगाल) को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोल्ड ज्वैलरी की लूट करने के बाद हत्या कर साक्ष्य छिपाने की नियत से बोरी में बाधंकर कुएं में फेंक दिया है, जिसके सम्बन्ध में थाना एट पर मु0अ0सं0 56/22 धारा 301/302/392 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्तगणों का विवरण –

1. आशीष सोनी पुत्र स्व0 राजकुमार नि0 सरार्फा बाजार कृष्णानगर उरई थाना कोत0 उरई जनपद जालौन।

बरामदगी का विवरण –

1. करीब 01 किलोग्राम पीली धातु (कीमत करीब 52 लाख रूपये)
2. 50,000/- रूपये नगद (लूट के)
3. 01 अदद रिवालवर लाइसेन्सी व 10 अदद जिन्दा कारतूस
4. 01 अदद मोटर साइकिल
5. 01 अदद मोबाइल फोन

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण:-

1. उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार थानाध्यक्ष एट
2. उ0नि0 श्री अर्जुन सिंह प्रभारी एस0ओ0जी0
3. उ0नि0 श्री योगेश पाठक प्रभारी सर्विलांस सेल
4. उ0नि0 श्री राजेश सिंह थाना एट
5. उ0नि0 श्री मंसूर अंसारी थाना एट
6. हे0का0 80 निरंजन सिंह
7. हे0का0 200 श्रीरामप्रजापति
8. हे0का0 280 अश्वनी प्रताम
9. हे0का0 214 राजीव कुमार
10. का0 1107 रवि भदौरिय
11. का0 1034 शैलेन्द्र चौहान
12. का0 1036 गौरव बाजपेई
13. का01327 जगदीश चन्द्र
14. का0 1080 कर्मवीर सिंह
15. का0 1664 विनय प्रताप
16. का0 1849 सुशान्त मिश्रा (साइबर सेल)
17. का0 919 अरविन्द कुमार थाना एट
18. का0 513 धर्मपाल थाना एट
19. आरक्षी चालक यदेवेन्द्र सिंह थाना एट।